हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, गुरुवार, 10 जुलाई 2025

11 निजी फार्म हाउस में चल रहे जुए के अड्डे पर छापा...



12 कांवड़ यात्रा को लेकर पुलिस की एडवाइजरी : डीजे व म्यूजिक...



### कर्मचारियों ने सड़कों पर उतरकर किया विरोध, अनेक पार्षदों ने भी दिया समर्थन

# फतेहाबाद में राष्ट्रव्यापी हड़ताल का कोई असर नहीं, कार्यालय खुले रहे, सड़कों पर दौड़ी बसें





फतेहाबाद। हड़ताल के दौरान प्रदर्शन करते कर्मचारी व किसान-मजदूर व हड़ताल के दौरान संबोधित करती इनेलो नेता सुनैना चौटाला। फोटो : हरिभूमि

- कौशल विकास के तहत लगे कर्मचारियों को पक्का करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर बुधवार को राष्ट्रव्यापी हड़ताल का फतेहाबाद में कोई असर नहीं रहा। हड़ताल के दौरान सभी केन्द्रीय व प्रदेश सरकार के अधीन आने वाले कार्यालय खुले रहे। हरियाणा रोडवेज फतेहाबाद डिपो की 99 बसें सड़कों पर दौड़ी। इसके अलावा डाकखाने व अन्य केन्द्रीय कार्यालय भी खुले रहे। उधर हड़ताल के कारण कर्मचारियों में फतेहाबाद में सड़कों पर उतरकर रोष प्रदर्शन किया। सभी विभागों, निगमों के कर्मचारी, मजदूर-किसान अनाज मंडी फतेहाबाद में इक्कठे हुए और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस हड़ताल की अध्यक्षता सर्व कर्मचारी संघ ब्लॉक फतेहाबाद के प्रधान राजपाल मिताथल, सीटू के जिला सचिव ओमप्रकाश अनेजा, एटक से विनोद कुमार, इंटक से दारा सिंह राज्य महासचिव ने संयुक्त रूप से की। मंच संचालन जिला सचिव सुरजीत दुसाद ने किया। सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला प्रधान भूप सिंह भड़ोलावाली, नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमेश तुषामड़ ने कहा कि शिक्षा नीति 2020 के प्रभाव से देशभर में लाखों वहीं हरियाणा में 183 लड़कियों के मिडल स्कूल बंद कर दिए गए है। 194 प्राथमिक स्कूलों को बंद करने की तैयारी है। 4201 स्कूलों का विलय कर दिया गया है। बीईओ/डीईईओ दफ्तरों को ही खत्म करने की तैयारी है। अब सीधे क्लस्टर डीईओ से जुड़ेंगे। 2022 में 30 हजार पद खत्म कर दिए हैं, अब 2025 में 20 हजार और खत्म करने की तैयारी है। लो पेड और अधिकतम वर्कलोड के आधार पर गेस्ट टीचर, कौशल टीचर, एनएसक्यूएफ, शिक्षक सहायक, कंप्यूटर टीचर, लैब अटेंडेंट आदि लगभग 25 हजार असुरक्षित और चौथाई वेतन पर काम कर रहे हैं। उनकी मांग है कि कौशल विकास के तहत लगे कर्मचारियों को पक्का किया जाए।

#### यह संगठन रहे शामिल

हड़ताल को किसान सभा से विष्णु शर्मा, कल्याण सिंह, खेत मजदूर यूनियन के राज्य महासचिव रामकुमार बहबलपूरिया, राष्ट्रीय मजदूर किसान यूनियन से धीरज घाबा, भवन निर्माण यूनियन से नरेश भुक्कल, अजीत माचरा, सकसं के पूर्व प्रधान पूनम रति, इनेलो नेता सुनैना चौटाला, अंगद ढिंगसरा, उन्नत बेनीवाल, अजय रोज, रिटायर्ड कर्मचारी संघ से भोला सिंह, हरिकिशन कम्बोज, मिड डे मील वर्कर यूनियन की जिला प्रधान गगनकौर, आशा वर्कर सुनीता, बिजली बोर्ड से रामनिवास, अमित शर्मा, मैकेनिकल यूनियन से इंद्र घासी, पटवार एंव कानुनगों यूनियन से पृथ्वी सिंह कक्कड ने सम्बोधित किया। हड़ताल को पार्षद मोहनलाल नांरग, योगी हंसराज, मास्टर चन्द्रभान, सुखदेव सिंह, कपिल आदि पार्षदों ने हड़ताल का समर्थन दिया। फतेहाबाद, भट्टू, भूना के हजारों की संख्या में राष्ट्रव्यापी हड़ताल को लेकर शहर में प्रदर्शन किया गया।

#### टोहाना में भी कर्मी रहे हड़ताल पर, अड्डे पर खड़ी रही रोडवेज बसें

**टोहाना।** टोहाना में भी कर्मचारी आज हड़ताल पर रहे। नगर परिषद कार्यालय में विभिन्न सरकारी विभागों के कर्मचारी एकत्रित हुए। कर्मचारी संघ के ब्लॉक प्रधान कृष्ण की अध्यक्षता में कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। हड़ताल में नगर पालिका कर्मचारी संघ, पटवारी एसोसिएशन, लोक निर्माण विभाग, सिंचाई विभाग और रोडवेज विभाग के कर्मचारी शामिल हुए। रोडवेज विभाग में हड़ताल का मिला-जुला असर देखा गया। हड़ताल के दौरान रोडवेज की कुछ बसे सडक़ पर दौड़ती नजर आई, जबकि अन्य बसों को बाड़े में रखा गया, जबकि निजी बसें सामान्य रूप से चलती रही।

### हरियाणा मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव एसोसिएशन ने किया विरोध प्रदर्शन



**फतेहाबाद।** हरियाणा मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव एसोसिएशन ने केंद्र सरकार पर मजदूर-विरोधी, किसान-विरोधी और कॉरपोरेट-समर्थक नीतियों का आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया। इस अवसर पर यूनियन के सदस्यों ने पार्क में एकत्रित होकर हड़ताल को समर्थन दिया और अपनी मांगे रखी। एसोसिएशन के जिला प्रधान वैभव और सचिव मनोज शर्मा ने बताया कि आजकल फार्मा कंपनियां मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव को डिजिटलाइजेशन के नाम पर प्रताड़ित कर रही है और उनकी प्राइवेसी पर प्रहार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कंपनियां स्मार्ट गैजेट का बहाना लगा कर कर्मचारियों पर सर्वेलेंस का काम कर रही है जो कि उनके अधिकारों का हनन है। एसोसिएशन ने इस राष्ट्रव्यापी हड़ताल में समर्थन करके सरकार से मांग की है कि मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव के अधिकारों की रक्षा के लिए सरकार प्राइवेट कंपनियों को आड़े हाथों ले और उचित कार्यवाही करें। इस अवसर पर यूनियन के दर्जनों सदस्य मौजूद थे।





सिरसा। बिजली निगम कार्यालय में धरना देती आंगनवाड़ी व आशा वर्कर और रोडवेज परिसर में हड़ताल पर बैठे कर्मचारी।

# राष्ट्रव्यापी हड़ताल का सिरसा में व्यापक असर, कामकाज रहा ठप

*रोडवेज की हड़ताल के चलते यात्री परेशान, प्रशासन ने किए सुरक्षा के कड़े इंतजाम*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर कर्मचारी संगठनों द्वारा की जा रही राष्ट्रव्यापी हड़ताल का सिरसा जिला में व्यापक असर देखने को मिला। कर्मचारियों ने ब्लॉक स्तर पर धरना प्रदर्शन किया और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। हड़ताल के चलते सरकारी विभागों में कामकाज बंद रहा, जिससे लोगों को परेशानी हुई। रोडवेज की बसें भी बहुत कम संख्या में रूटों पर चली। खासकर लंबे रूटों की सवारियों को परेशानी हुई। बाद दोपहर अन्य डिपो से बसें सिरसा पहुंची जिससे यात्रियों को राहत मिली। हालांकि सरकार द्वारा किलोमीटर स्कीम के तहत संचालित की जाने वाली बसें अपने रूटों पर चली। हड़ताल के चलते जिला प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हुए हैं और बस अड्डा सहित अन्य सार्वजनिक स्थानों पर पुलिस बल तैनात किया गया है। जानकारी के अनुसार रोडवेज कर्मचारियों ने सुबह सिरसा से चंडीगढ़ व दिल्ली रूट पर चलने वाली बसों का संचालन नहीं होने दिया और बसों को बस अड्डा परिसर में ही रोक दिया गया। कर्मचारियों की हड़ताल के चलते यात्री परेशान हैं।

#### सरकार मांगें लागू नहीं कर रही: पृथ्वी सिंह

सर्व कर्मचारी संघ के नेता पृथ्वी सिंह और अन्य कर्मचारी नेताओं ने बताया कि सरकार को बार-बार चेताने के बाद भी कर्मचारियों की मांगों को नहीं माना जा रहा है। रोष स्वरूप कर्मचारियों को हड़ताल करनी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि सुबह चंडीगढ़ जाने वाली बस को रोककर हड़ताल की शुरुआत की गई। उन्होंने सरकार को चेतावनी व अपील करते हुए कहा कि कर्मचारियों की जल्द से जल्द मांगों को माना जाए। साथ ही उन्होंने कहा कि जब तक उनकी मांगे नहीं मानी जाती तब तक कर्मचारी पीछे नहीं हटेंगे।

#### प्रमुख मांगें

कर्मचारियों की मुख्य मांगों में कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने के लिए स्थायी कानून बनाया जाए। पुरानी पेंशन बहाल करने, सभी जन सेवाओं के विभागों का निजीकरण बंद करने व सरकारी विभागों में रिक्त पदों को स्थायी भर्ती के माध्यम से भरने, श्रम कानूनों को तोडना बंद किया जाए, ठेका व्यवस्था खत्म करने, न्यूनतम मजदूरी को बढ़ाकर 26,000 रुपये प्रति माह करने के साथ ही किसान संगठनों की न्यूनतम समर्थन मूल्य और ऋण माफी की मांग पर जोर दे रहे हैं।

#### चोपटा के बस अड्डा परिसर में गरजे कर्मचारी

**चोपटा।** नाथूसरी चौपटा में कर्मचारियों ने संयुक्त मोर्चा के आह्वान पर राष्ट्रव्यापी हड़ताल को लेकर चौपटा के बस स्टैंड में सभी विभाग के कर्मचारियों ने हड़ताल पर रहकर प्रदर्शन किया। इसके बाद कर्मचारियों ने नाथूसरी चौपटा में रोष मार्च निकाला। किसान यूनियन की तरफ से किसान नेता बलराम सहारण व दीवान सहारण ने कर्मचारियों का समर्थन किया। कर्मचारी यूनियन के ब्लॉक प्रधान लालचंद व सचिव सुनील कुमार ने बताया कि विभिन्न विभागों के कर्मचारी सबसे पहले बस स्टैंड परिसर में एकत्रित हुए और यहां धरना प्रदर्शन के बाद चोपटा शहर में रोष मार्च निकाला गया और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की गई। उन्होंने कहा कि सरकार को बार-बार अवगत करवाने के बावजूद भी उनकी मांगों पर कोई ध्यान नहीं दिया गया, जिस कारण कर्मचारियों को आज राष्ट्रव्यापी हड़ताल करनी पड़ी है।





सिरसा। ऐलनाबाद में धरना देते कर्मचारी तथा सुनसान पड़ा सिरसा का बस अड्डा।

## खबर संक्षेप

### राधा कृष्ण आश्रम में विशाल सत्संग आज

**रतिया।** गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष में 10 जुलाई को श्री राधा कृष्ण सेवा आश्रम में विशाल नशा मुक्ति शिविर तथा सत्संग कीर्तन का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए आश्रम के प्रवक्ता धर्मेंद्र गोस्वामी ने बताया कि इस कार्यक्रम को आश्रम के संचालक स्वामी श्याम सुंदर दास महाराज के सानिध्य में किया जा रहा है जिसमें अनेक नशे के शिकार लोगों को इस बुराई को छुड़वाने की दवा दी जाएगी।

### सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी आज सुनेंगी समस्याएं

**फतेहाबाद।** जिला लोक संपर्क एवं जनपरिवाद समिति की बैठक 10 जुलाई को बाद दोपहर 2 बजे लघु सचिवालय के समीप जिला पंचायत संसाधन केंद्र में आयोजित होगी। इस बैठक की अध्यक्षता प्रदेश की महिला एवं बाल विकास एवं सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी करेंगी। इस बैठक में कुल 16 परिवाद रखे जाएगें।

### हेरोइन तस्करी के मुख्य सप्लायर को दबोचा

**फतेहाबाद।** टोहाना पुलिस ने हेरोइन तस्करी के मुख्य सप्लायर को काबू किया है, जिसकी पहचान हर्षदीप सिंह पुत्र गुरपाल सिंह निवासी वार्ड नंबर 15, काशी नगर, फिरोजपुर, पंजाब के रूप में हुई है। इस मामले में टोहाना पुलिस इससे पहले ही दो अन्य आरोपियों अजय कुमार पुत्र बलदेव सिंह निवासी टिब्बा बस्ती, मानियाना तथा दलविंदर उर्फ जिंदी पुत्र अजैब सिंह निवासी महासिंहवाला, पंजाब को भी गिरफ्तार कर चुकी है।

# नगरपरिषद कर्मचारी भी रहे हड़ताल पर सरकार के खिलाफ की जमकर नारेबाजी

- अनाज मंडी शेड के नीचे पहुंचे और आंदोलन में शामिल होकर शहरभर में प्रदर्शन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



फतेहाबाद। हड़ताल कर नगरपरिषद कार्यालय में धरना देते कर्मचारी।

नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा व केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के आह्वान बुधवार को नगर परिषद फतेहाबाद के सभी कर्मचारी, ऑफिस स्टाफ, सफाई कर्मचारी हड़ताल पर रहे। नगरपपरिषद कर्मचारियों ने नगर परिषद प्रांगण में धरना दिया और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर अपना रोष व्यक्त किया। हड़ताल की अध्यक्षता इकाई सत्यवान टांक ने की तथा संचालन ओम प्रकाश लोट ने किया। नगरपरिषद कर्मचारी प्रदर्शन करते हुए संयुक्त ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर अनाज मंडी शेड के नीचे पहुंचे और आंदोलन में शामिल होकर शहरभर में प्रदर्शन किया। नगरपरिषद कर्मचारियों ने मांग की कि सभी प्रकार के कच्चे कर्मचारियों को पक्का किय जाए। पुरानी पेंशन बहाल हो। ठेका प्रथा बंद करके कर्मचारियों को पालिका रोल पर लिया जाए। पूर्व में हुए समझौतों को लागू कर कर्मचारियों की जायज मांगों को जल्द पूरा किया जाए।

**समस्या** शहीद के नाम पर बना पार्क दुर्दशा का शिकार

*शहीद को सम्मान देने और उसके नाम पर बने पार्क की दुर्दशा सुधारने की मांग*

# गुमनामी के अंधेरे में खोया शहीद नरेन्द्र सिंह कारगिल युद्ध में देश पर न्योछावर की थी जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भट्टूकलां



भट्टूकलां। बदहाली का शिकार शहीद नरेन्द्र सिंह के नाम बना पार्क।



शहीदों की चिताओं पर लगेंगे हर वर्ष मेले, क्या वतन पर मिटने वालों का यही बाकी निशा होगा। जी हां यह पंक्तियां यही चरितार्थ कर रही है कि किस प्रकार कारगिल के वीर शहीद नरेंद्र सिंह जाखड़ गुमनामी के अंधेरे में खो गया है। शहीद नरेन्द्र सिंह आज 9 जुलाई 1999 को कारगिल क्षेत्र में पॉइंट 5301 पर विजय हासिल करते हुए हंसते-हंसते वीरगति को प्राप्त हुए थे। आज ही के दिन 1999 में इस सैनिक ने देश के लिए अपनी जान न्यौछावर की थी।

मेहुवाला निवासी शहीद नरेंद्र सिंह जाखड़ माता रेशमा देवी की कोख से 1978 में पैदा हुए थे। बचपन से ही सेना में भर्ती होने का जो सपना उन्होंने संजोया था, उसे पूरा करते हुए उन्होंने अपनी पढ़ाई अपने पिता के साथ सैनिक स्कूल में की। 12वीं की पढ़ाई फतेहाबाद के एक निजी स्कूल में करके सेना में भर्ती हो गए। बचपन से ही देश प्रेम का जज्बा उनके अंदर भरा हुआ था, क्योंकि उनके पिता और दादा भी देश की सेवा कर चुके थे। कारगिल युद्ध में वीरगति को प्राप्त होने के बाद शहीद नरेंद्र सिंह जाखड़ की पार्थिव देह गांव मेहुवाला के अंदर पहुंची तो हजारों लोगों ने उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करने के लिए गांव में पहुंचे थे। लेकिन आज 26 वर्ष बीतने के बाद शहीद नरेंद्र सिंह जाखड़ गुमनामी के अंधेरे में खो चुका है।

#### पार्क में घूम रहे पशु

आज नरेंद्र सिंह जाखड़ के नाम पर जो पार्क भट्टू में बनाया गया है उसके अंदर आवारा पशु घूम रहे हैं। एक समय था जब यहां पर राजनीतिक, सामाजिक, धार्मिक व अन्य संगठनों के लोग यहां पहुंचकर इन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करते थे। शायद उन्हें किसी स्वार्थ ने ही उन्हें इस श्रद्धांजलि पार्क में आने को विवश किया होगा, परंतु अब यह सुनसान व गुमनामी के अंधेरे में खो चुका है। भट्टू मण्डी की ग्राम पंचायत ने हुडा विभाग से परमिशन लेकर कई पार्कों का सौंदर्य करण किया था, लेकिन वह भी इस पार्क को भूल चुके हैं। लोगों ने जिला प्रशासन से शहीद को सम्मान देने और उसके नाम पर बने पार्क की दुर्दशा सुधारने की मांग की है।

# सरपंच पर आरोप लगाने की रंजिश में किया हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

- परिवार पर हमले के मामले में आरोपी गिरफ्तार

सरपंच पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाने को लेकर रंजिश के चलते एक परिवार पर हमला करने के मामले में सदर फतेहाबाद पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है। आरोपी की पहचान खुशप्रीत उर्फ प्रीत पुत्र सुरजीत सिंह निवासी वार्ड नंबर 21, गुरुनानकपुरा, फतेहाबाद के रूप में हुई है। थाना प्रभारी निरीक्षक कुलदीप ने बताया कि गांव अयाल्की निवासी सुरेश ने शिकायत दी थी कि उसने पंचायत स्तर पर भ्रष्टाचार को उजागर करने हेतु सरपंच प्रतिनिधि महेन्द्र सिंह के खिलाफ आरटीआई दाखिल की थी। इसी रंजिश के चलते 1 जून की रात उसके परिवार पर हमला किया गया। शिकायत के अनुसार, पहले फोन कॉल के माध्यम से धमकियां दी गईं और फिर रात लगभग 9:45 बजे सुरेन्द्र कौर उर्फ मोटो, कुलबीर सिंह उर्फ गोला सहित लगभग 15-20 युवक मोटरसाइकिलों पर सवार होकर सुरेश की ढाणी में घुस आए। आरोपियों ने लाठी-डंडों से हमला किया, घर की संपत्ति को नुकसान पहुंचाया और सुरेश की माता एवं बुआ को गंभीर चोटें पहुंचाईं। घटना के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस और एंबुलेंस मौके पर पहुंची। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहाँ से एक गंभीर घायल को एमएएमसी, अग्रोहा रेफर किया गया। पुलिस ने मामले में तत्परता से कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को काबू कर लिया है।



# मानसून में स्किन प्रॉब्लम्स बचाव के लिए बरतें सावधानी

मानसून में नमी की अधिकता की वजह से स्किन इंफेक्शंस की संभावना बहुत बढ़ जाती है। ये कौन सी समस्याएं हैं, इनके कारण, लक्षण क्या हैं और इससे बचाव के लिए आपको किन उपायों पर अमल करना होगा, बता रहे हैं आपको।

**सीजनल डिजीज**

चेतना झा



तपती गर्मी के बाद बारिश की फुहारें राहत तो देती हैं, लेकिन बारिश का मौसम हमारी त्वचा और बालों के लिए कई समस्याएं भी उत्पन्न कर सकता है। इस मौसम की नमी स्किन इंफेक्शन और दूसरी तमाम समस्याओं की वजह बनती है। इनसे बचाव के लिए प्रयास करने जरूरी हैं।

**अधिक पसीना:** वातावरण में नमी की अधिकता के कारण मानसून के मौसम में पसीने की समस्या होती है और यह स्किन इंफेक्शन का एक बड़ा कारण होता है। इससे त्वचा में खुजली की समस्या होती है और फिर इससे कई समस्याएं परेशान करती हैं।

**मुंहासे:** मुंहासे और त्वचा पर चकत्ते होना, अन्य समस्याएं हैं, जिनका सामना ज्यादातर लोग मानसून के मौसम में करते हैं। खासतौर पर उन लोगों को जिनकी त्वचा पहले ही अधिक ऑयली होती है, नमी बढ़ने से त्वचा अधिक सीबम का उत्पादन करने लगती है। इससे ऑयल अधिक बनने लगता है और यह बैक्टीरिया का बसेरा सा बन जाता है। चिपचिपी त्वचा पर धूल, गंदगी और पसीना लंबे समय तक चिपके रहते हैं, जिसकी वजह से स्किन पोर्स बंद हो जाते हैं। ऐसे में एक्ने और पिंपल्स निकलने लगते हैं।

**एग्जिमा:** एग्जिमा आसानी से ठीक नहीं होने वाला त्वचा रोग है। यह त्वचा संबंधी उन समस्याओं में से एक है, जो केवल मानसून के मौसम में होती है। एग्जिमा विभिन्न जटिलताओं जैसे चकत्ते, खुजली, लालिमा और त्वचा में इसी तरह की समस्याओं का कारण बनता है। यह समस्या उन लोगों में आम है, जिनकी त्वचा संवेदनशील होती है।



**टिनिआ:** यह भी मानसून में हमारी त्वचा को परेशान करने वाला एक फंगल संक्रमण है। इससे अत्यधिक खुजली होती है और असहज महसूस होता है। यह आपके सिर की त्वचा को भी संक्रमित कर सकता है। उसमें भी खुजली होती है।

**स्केबीज:** स्केबीज एक अन्य त्वचा रोग है, जो मुख्य रूप से घुन के प्रवेश के कारण होता है। इसको कुछ इस तरह समझिए कि इसमें परजीवी जीवाणु अंडे देते हैं और आपकी त्वचा में घोंसला भी बनाते हैं, जिससे संक्रमण बढ़ता है। इससे त्वचा में खुजली होती है और लालिमा भी नजर आती है। इससे रोगी को काफी तकलीफ महसूस होती है।

**फोलिक्युलाइटिस या लोम:** यह बाल कूप, बाल रोम या हेयर फॉलिकल का एक और जीवाणु संक्रमण है, जो मानसून के दौरान होता है। बता दें कि बालों के रोम दरअसल, हमारी त्वचा की रक्षा के लिए होते हैं। इससे हमारी त्वचा ढंकी रहती है। बैक्टीरिया और पसीने के बीच का स्पर्श त्वचा संबंधी समस्याओं का कारण बनता है और फॉलिक्युलाइटिस का कारण भी बनता है। फॉलिक्युलाइटिस की वजह से पीड़ित की त्वचा पर बालों के रोम में सूजन हो जाती है। त्वचा की यह समस्या आमतौर पर जांघों, बगलों, नितंबों और गर्दन के आस-पास देखी जाती है। हल्के मामलों के लिए, स्थिति कुछ दिनों में ठीक हो सकती है, लेकिन गंभीर स्थितियों के लिए आपको चिकित्सकीय ट्रीटमेंट लेने की आवश्यकता हो सकती है।

**दाद:** दाद या रिंग वॉर्म त्वचा पर एक छल्ले के आकार में दिखाई देता है। जब आप इसे खुजलाते हैं, तो कई बार आपकी त्वचा पर मिनटों में दाने निकल आते हैं और उनसे पानी भी निकल सकता है। इसे एक संक्रामक फंगल संक्रमण भी माना जाता है, जो रोगी के दूसरों अंगों तक और दूसरे व्यक्ति को भी फैल सकता है।

**ऐसे करें बचाव:** इन बरसाती रोगों से बचाव के लिए इस मौसम में त्वचा को भीतर-बाहर से हाइड्रेट करने की उतनी ही जरुरत है, जितनी किसी और मौसम में होती है। इसलिए भरपूर पानी पिएं। साथ ही नॉन स्टिकी लाइटवेट मॉयश्चराइजर लगाएं। दो-तीन लीटर पानी प्रतिदिन सेवन करने से कोलेजन बनता है, जिससे ये रोग होने की आशंका कम हो जाती है। त्वचा की नियमित सफाई करें। इससे बैक्टीरिया और सीबम दोनों में कमी आती है। इस मौसम में फेस स्टीम यानी चेहरे पर भाप लेना भी लाभदायक है। इससे रोमछिद्र खुलते हैं और मृत त्वचा हटती है। भाप लेने से त्वचा पर रक्त प्रवाह बढ़ता है, जो त्वचा में ग्लो लाता है। समस्या होने पर बजाय इंटरनेट पर समाधान ढूंढने के नजदीकी डर्मेटोलॉजिस्ट से संपर्क करें, वे आपकी त्वचा के प्रकार और शारीरिक अवस्था के अनुरूप समस्या का समाधान बताएंगे।

मानसून में खास ध्यान रखें कि चेहरे को टच करने से पहले हाथ धुला हो। चेहरे पर कोई क्रीम, मॉयश्चराइजर आदि लगाने से पहले भी हाथ धुले हों। इससे बैक्टीरिया के फैलाव से बचाव होता है। ऑयली फूड्स जैसे फ्रेंच फ्राइज, चिप्स, समोसे आदि खाने से बचें। इससे एक्ने-मुंहासे की समस्या बढ़ सकती है। *

**(डर्मेटोलॉजिस्ट डॉ. सरोज राय से बातचीत पर आधारित)**

---

इन दिनों देश ही नहीं पूरी दुनिया में बेशुमार लोग मेंटल प्रॉब्लम्स से ग्रस्त हो रहे हैं। इसकी अनेक वजहें हो सकती हैं। लेकिन अगर आप अपनी डेली रूटीन लाइफ में कुछ एक्टिविटीज को शामिल कर लें तो बहुत हद तक इन मेंटल प्रॉब्लम्स से बच सकते हैं। ऐसी ही चार एक्टिविटीज और उनसे होने वाले फायदों के बारे में हम आपको बता रहे हैं।

# अच्छे स्वास्थ्य के चार मीत रंग-कविता-कला-संगीत

**मेंटल हेल्थ**

शिखर चंद जैन

आने वाले समय में कला का प्रयोग मानसिक सेहत को संवारने में व्यापक तौर पर किया जाएगा। अमेरिका की फ्लोरिडा यूनिवर्सिटी के आर्ट्स इन मेडिसिन सेंटर में रिसर्च डायरेक्टर जिल सोनके कहते हैं, 'हमें बचपन की क्रिएटिव राइटिंग, ड्राइंग, सिंगिंग और डांसिंग से आगे चलकर भी जुड़े रहना चाहिए। आप बड़े होकर इनसे दूर हो रहे हैं तो यह गलत है। आपको म्यूजियम (कला के लिए), आर्ट गैलरीज, एग्जिबिशंस, कंसर्ट (म्यूजिक के लिए) आदि भी समय-समय पर जरूर अटेंड करने चाहिए।'

इस स्टडी के आधार पर मेंटल हेल्थ एक्सपर्ट्स मानसिक सेहत को खुशमिजाजी और सुकून की खुराक देने के लिए कुछ एक्टिविटीज को अपनी डेली लाइफ में शामिल करने की सलाह देते हैं।





## म्यूजिक सुनें

कई ऐसे अनुसंधान हो चुके हैं, जिनमें पता चला है कि गाना गाने, गाना सुनने और वाद्य यंत्र बजाने से कई तरह के फायदे हैं। गाने से स्ट्रेस हार्मोन कार्टीसोल का लेवल कम होता है। नवजात शिशुओं की मां गुनगुनाती है तो उनमें एंजायटी कम होती है। न्यूरोलॉजिस्ट सूजन मैग्सेमैन कहती हैं कि म्यूजिक से स्ट्रेस कम होने की वजह यह है कि रिद्म, लिरिक्स और कॉर्ड्स रिपीट करते समय हमारे दिमाग के कई हिस्से एक साथ एक्टिव हो जाते हैं।

यूरोप के एक विश्वविद्यालय में हुए शोध से पता चला है कि म्यूजिक थेरेपी डिमेंशिया या याददाश्त की समस्याओं से जूझ रहे लोगों के लिए बहुत फायदेमंद होती है। इसके अलावा यह दर्द कम करने और अवसाद से मुक्ति दिलाने में भी सहायक है। यह कई अनुसंधानों के नतीजे में बताया जा चुका है। यही वजह है कि संगीत का उपयोग उपचार के लिए भी कई जगह किया जा रहा है। वैज्ञानिकों की माने तो म्यूजिक थेरेपी कैंसर के इलाज से लेकर पोस्ट स्ट्रोक ब्रेन के इंप्रूवमेंट में भी काफी मददगार साबित हो रही है। यूरोप के संगीत एंगिला रस्किन विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने पता लगाया है कि म्यूजिक थेरेपी से मस्तिष्क के कई क्षेत्रों में सकारात्मक असर पड़ता है। संगीत, मस्तिष्क और उसके कनेक्शन को पुनर्जीवित करने में मदद कर सकता है।



## थ्री ड्राइंग टेक्निक की प्रैक्टिस

अमेरिका में स्थित सेंटर ऑफ माइंड बॉडी मेडिसिन के संस्थापक-मनोचिकित्सक डॉक्टर जेम्स गार्डन ने थ्री ड्राइंग तकनीक बनाई है। इसके लिए आपको ड्राइंग एक्सपर्ट होने की जरूरत नहीं है। बस कोशिश करनी है। सबसे पहले आप खुद की कोई ड्राइंग बनाएं। फिर अगली ड्राइंग में खुद को अपनी सबसे बड़ी समस्या के साथ दिखाना होगा। और तीसरी ड्राइंग में आपको समस्या हल होने के बाद खुद को दर्शाना होगा। यह एक्सरसाइज सेल्फ डिस्कवरी को प्रोत्साहन देने के लिए है। इससे आपको अपनी समस्या का पता चलता है और संभावित हल पर विचार करने का अवसर मिलता है। साथ ही स्वयं में अंतर महसूस होता है। जॉन हॉपकिंस यूनिवर्सिटी स्कूल आफ मेडिसिन में न्यूरोलॉजी की असिस्टेंट प्रोफेसर सूजैन मैग्सेमैन कहती हैं कि आप इस तकनीक से खुद ही अपने हीलर बन सकते हैं। इसके लिए आपको किसी थैरेपिस्ट की जरूरत भी नहीं है।

## कलरिंग कीजिए



एंजायटी से उबरने के लिए अपने बचपन की कलरिंग एक्टिविटीज को फिर से सक्रिय कीजिए। किसी किताब, अखबार या पत्रिका में बने रेखाचित्रों में या खुद के बनाए रेखाचित्रों में रंग भरें। वैज्ञानिकों ने शोध में पाया है कि रोजाना 20 मिनट ज्योमैट्रिकल डिजाइन में रंग भरना एंजायटी को कम करने के लिए बहुत प्रभावी तकनीक है। क्लीवलैंड क्लिनिक में क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट और पुस्तक '50 वेज टू सूद योरसेल्फ विदाउट फूड' की लेखिका सूजेन अल्बर्ट्स कहती हैं, कलरिंग करना मिनी मेंटल वेकेशन जैसा है। जब हम किसी कागज पर बनी आकृतियों और रेखाचित्रों में अपने पसंदीदा रंग भरते हैं तो हमें आत्मसंतुष्टि मिलती है और साथ ही तमाम समस्याओं और चिताओं से हमारा ध्यान बंटता है और मन को शांति मिलती है। यह एक प्रकार का मेडिटेशन ही है। इससे स्ट्रेस लेवल कम होता है और हमारी मेंटल हेल्थ इंप्रूव होती है।

## कविता लिखें

साइकोलॉजिस्ट डॉक्टर फ्रैंक क्लार्क अकसर कविताएं लिखते हैं। वह कोई कवि नहीं है लेकिन अपने दिल की भावनाओं को कागज पर कलम से उकेरना उन्हें सुकून देता है। वह इस प्रयोग के माध्यम से डिप्रेशन से उबर चुके हैं। वह कहते हैं, 'आप हाईकू से शुरू कर सकते हैं। इसमें अपने दोस्तों को भी शामिल कीजिए। नए-नए प्रयोग कीजिए, प्रतियोगिताएं कीजिए। यह आपके मनोरंजन का एक बेहतरीन तरीका बन सकता है।'

जर्नल आफ मेडिसिन ह्यूमैनिटीज में प्रकाशित एक शोध की रिपोर्ट बताती है कि कविताओं में हीलिंग पावर होती है। दोस्तों के साथ इन्हें शेयर करने के बहुआयामी लाभ हो सकते हैं। *

---

**डॉक्टर्स सजेशन**



डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

# बरसात में जब करे अपच-एसिडिटी परेशान

**मेरी उम्र 34 वर्ष है। बरसात के मौसम में अकसर अपच और एसिडिटी होने लगती है। कृपया कुछ ऐसा बताएं, जिससे मुझे यह प्रॉब्लम न हो।**

**-आदित्य, हिसार**

बरसात के मौसम में सबसे ज्यादा समस्या वाटर बॉर्न डिजीजेज की होती है। कई बार सप्लाई में या अन्य जगह दूषित पानी आता है और लोग इसे पीते हैं, जिससे इस तरह की प्रॉब्लम शुरू हो जाती हैं। आपकी समस्या सुनकर ऐसा ही लग रहा है कि आपका डाइजेशन सिस्टम गड़बड़ हो जाता है। इससे बचने के लिए आप बाहर का पानी न पिएं। अपना पानी घर से लेकर निकलें। इसके साथ ही बाहर के कटे हुए फल और अन्य खुले में बिकने वाले फूड्स या फ्रूट्स का सेवन बिल्कुल ही बंद कर दें। इन बातों पर अमल करने से आपको समस्या से राहत मिलेगी।

**मेरी उम्र 62 वर्ष है। एक साल पहले मैंने अपने घुटने का ऑपरेशन करवाया था। पिछले एक-डेढ़ महीने से मुझे फिर से चलने-फिरने के दौरान घुटनों में दर्द हो रहा है। ऐसे में मुझे क्या करना चाहिए?**

**-प्रमोद, भोपाल**

सामान्यतः इसके दो कारण हो सकते हैं। कई बार मौसम बदलते समय ऐसी दिक्कत शुरू होती है तो कभी-कभार चोट लगने से भी ऐसी तकलीफ होने लगती है। लेकिन बेहतर होगा कि आप उन्हीं डॉक्टर से संपर्क करें, जिन्होंने सर्जरी की है। वह जांच कर इसकी वजह बताएंगे और ट्रीटमेंट करेंगे। बगैर जांच करे कोई भी ट्रीटमेंट न लें।



**मेरी उम्र 52 वर्ष है। पिछले पंद्रह दिनों से मेरे सिर में हल्का दर्द बना रहता है। कभी-कभी यह दर्द बहुत तेज हो जाता है। कृपया मेरी इस समस्या का समाधान बताएं।**

**-अखिल, धमतरी**

इस तरह के दर्द की वजह कोई चोट हो सकती है या आंखों का कमजोर होना भी वजह बन जाती है। लेकिन अगर आपको चोट नहीं लगी और आंखें ठीक हैं तो आपको जरूर एक बार डॉक्टर से संपर्क कर लेना चाहिए। बगैर जांच किए कुछ भी कहना ठीक नहीं होगा।

**मेरी उम्र 29 वर्ष है। मुझे बहुत वीकनेस लगती है इसलिए मैं कुछ वीक्स से मल्टीविटामिन कैपस्यूल लेता हूं। कृपया बताएं कि यह कितना सेफ है? इसके कोई साइड इफेक्ट्स तो नहीं होंगे?**

**-सुदेश, बिलासपुर**

मल्टीविटामिन कैप्सूल खाना तो ठीक है लेकिन आपको वीकनेस आने का कारण पता लगाना चाहिए कि इसकी वजह क्या है? क्या शरीर में खून की कमी है? बेहतर होगा कि डॉक्टर से संपर्क कर अच्छी तरह जांच कराएं। अगर सब कुछ ठीक है तो विटामिन कैप्सूल के साथ आप नेचुरल प्रोटीन और विटामिन वाले फूड्स अधिक लें।

**मेरी उम्र 48 वर्ष है। बरसात के मौसम में मेरे बाल बहुत झड़ते हैं। कृपया बताएं कि ऐसा क्यों होता है और इससे कैसे छुटकारा पाया जाए?**

**-दीपक, कोंडागांव**

बारिश के मौसम में त्वचा और बालों की समस्या के लिए गंदे पानी का इस्तेमाल एक बड़ा कारण हो सकता है। दूषित पानी से जहां त्वचा रोग होता है, वहीं बाल झड़ने की समस्या भी शुरू होती है। इसलिए आप कोशिश करें कि साफ पानी से ही नहाएं। साबुन और शैंपू का इस्तेमाल डॉक्टर की सलाह के बाद ही करें। इससे आपको समस्या से राहत मिलेगी। *

**प्रस्तुतिः रिचा पांडे**

---

# बारिश के मौसम में आपको संक्रमणों से बचाएगी कच्ची हल्दी

**हर्बल जोन/ रेखा देशराज**



कच्ची हल्दी या फ्रेश टर्मरिक रूट एक अत्यंत प्रभावी और पारंपरिक प्राकृतिक औषधि है, विशेषकर बरसात के मौसम में जब संक्रमण, अपच और त्वचा संबंधी समस्याएं बढ़ जाती हैं। ऐसे में कच्ची हल्दी का औषधि के रूप में इस्तेमाल बहुत प्रभावी है।

**मौसमी बीमारियों से बचाए:** कच्ची हल्दी में मौजूद करक्यूमिन शक्तिशाली एंटीबैक्टीरियल, एंटीवायरल और एंटीफंगल तत्व होता है। यह करक्यूमिन मौसम बदलने के समय होने वाली जुकाम, खांसी, गले की खराश और बुखार आदि से रक्षा करता है। बरसात के मौसम में लोगों का अकसर पाचन तंत्र कमजोर हो जाता है। इन दिनों कच्ची हल्दी का इस्तेमाल पाचन संबंधी सक्रियता बढ़ाती है। कच्ची हल्दी के इस्तेमाल से गैस, अपच और पेट फूलने जैसी समस्याएं नहीं होती हैं।

**इम्यूनिटी को मजबूत करे:** कच्ची हल्दी एक नेचुरल इम्यूनिटी बूस्टर है। मानसून में जब रोग प्रतिरोधक क्षमता घट जाती है, तब यह कच्ची हल्दी इसे पुनः सक्रिय करने में मददगार साबित होती है। यह त्वचा के संक्रमण और फंगल रोगों से भी बचाव करती है। कच्ची हल्दी गठिया और जोड़ों के दर्द में राहत देती है।

**ऐसे करें इस्तेमाल:** मानसून के दिनों में कच्ची हल्दी को दूध में आसानी से लिया जा सकता है। इसके लिए एक से दो इंच कद्दूकस की हुई कच्ची हल्दी को एक कप गर्म दूध में डालें और रात में पीएं। इसे शहद में भी लिया जा सकता है। एक चम्मच कद्दूकस की हुई कच्ची हल्दी में एक चम्मच शुद्ध शहद मिलाकर सुबह खाली पेट लें। एक अन्य तरीका है कि कच्ची हल्दी वाली चाय या काढ़ा पिया जाए। अगर फंगल संक्रमण है तो इसका पेस्ट बनाकर उस जगह पर लगाएं, तुरंत राहत मिलेगी।

**बरतें सावधानियां:** एक बार में कभी भी तीन या चार इंच से ज्यादा कच्ची हल्दी का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। इससे गैस या जलन हो सकती है। जिन लोगों को पित्त की समस्या हो, उन लोगों को कच्ची हल्दी का इस्तेमाल करते हुए संयम बरतना चाहिए। यदि आप ब्लड थिनर या शुगर की दवाएं ले रहे हैं, तो इसका सेवन डॉक्टर की सलाह के बाद ही करें *

---

# क्या युवाओं में कैंसर के लिए रसायन हैं ज़िम्मेदार

**नई दिल्ली।** पहले कैंसर को आमतौर पर बुजुर्गों की बीमारी माना जाता था लेकिन अब 50 साल से कम उम्र के लोगों में कैंसर के मामले बढ़ रहे हैं, जो चिंताजनक है। इस हफ़्ते के 'एबीसी 4 कॉर्नर्स' से पता चलता है कि प्लास्टिक समेत कई रसायनों की कैंसर के बढ़ते मामलों में भूमिका हो सकती है। तो कैंसर बढ़ने के कारण क्या हैं? और हम इस संबंध में क्या कर सकते हैं?

**कैंसर बुजुर्गों को क्यों अपनी चपेट में ले रहा है?**

आपके शरीर की प्रत्येक कोशिका में आपके डीएनए की एक प्रति होती है - जो उस कोशिका को ठीक से कार्य करने का निर्देश देती है। हालांकि, डीएनए में ऐसे तरीकों से म्युटेशन हो सकता है जिससे वह कोशिका अपना वह कार्य करना बंद कर देती है जो उसे करना होता है। कुछ म्युटेशन कोशिका को अनियंत्रित रूप से बढ़ने में सक्षम बनाते हैं। कुछ म्युटेशन इसे मरने से बचाते हैं। और कुछ इसे शरीर के अन्य भागों में फैलने में मदद करते हैं जहां यह नहीं होना चाहिए। डीएनए में अधिक मात्रा में म्युटेशन कैंसर को जन्म दे सकता है। जब भी शरीर में नई कोशिका बनती है, तो डीएनए की एक नई प्रति भी बनती है। कभी-कभी संयोगवश गलतियां हो जाती हैं, जिससे म्युटेशन हो सकता है। इसे आप ऐसे समझें जैसे एक फोटोकॉपी की फोटोकॉपी बनाना। इस प्रक्रिया में हर प्रति दूसरे से थोड़ी भिन्न होती है। ज्यादातर डीएनए म्युटेशन हानिरहित होते हैं। लेकिन शरीर में हर दिन अरबों कोशिकाएं बनती हैं। इसलिए जैसे-जैसे उम्र बढ़ती है, शरीर में डीएनए की प्रतियों की संख्या बढ़ती जाती है, जिससे गलतियां होने की संभावना भी बढ़ जाती है। साथ ही, उम्र बढ़ने पर शरीर इन खराब कोशिकाओं को पहचान कर हटाने में भी कमजोर हो जाता है।



## युवाओं में कैंसर की बढ़ती दर चिंता का विषय

युवाओं में कैंसर की बढ़ती दर चिंता का विषय है और इसके बढ़ने में कुछ पर्यावरणीय कारक भूमिका निभा रहे हैं जिनके बारे में हमें अभी जानकारी नहीं है। पर्यावरणीय कारक वे होते हैं जो शरीर के बाहर होते हैं – जैसे रसायन, वायरस, बैक्टीरिया, शारीरिक गतिविधि और हमारा आहार। इनमें से कई पर्यावरणीय कारक डीएनए प्रतिलिपिकरण त्रुटियों की संभावना को बढ़ा सकते हैं, या यहां तक कि हमारे डीएनए को सीधे नुकसान पहुंचा सकते हैं, जिससे कैंसर का खतरा बढ़ जाता है। इसका एक जाना-माना उदाहरण सूर्य से आने वाली पराबैंगनी (यूवी) किरणें है, जिससे त्वचा कैंसर हो सकता है।

## धूम्रपान से हो रहा फेफड़ों का कैंसर

दूसरा उदाहरण धूम्रपान है, जिससे फेफड़ों का कैंसर हो सकता है। सौभाग्य से, सूर्य के संपर्क में आने के खतरों के बारे में जागरुकता अभियानों और सिगरेट पीने वालों की घटती संख्या के कारण पिछले 30 वर्षों में 50 वर्ष से कम आयु के ऑस्ट्रेलियाई लोगों में त्वचा और फेफड़ों के कैंसर के मामलों में कमी आई है। लेकिन ऑस्ट्रेलिया में युवाओं में अन्य प्रकार के कैंसर जैसे यकृत, अग्न्याशय, प्रोस्टेट, स्तन और गुर्दे आदि के कैंसर बढ़ रहे हैं। यह प्रवृत्ति वैश्विक है, खासकर अमीर पश्चिमी देशों में। रसायनों की क्या भूमिका है?

## आज हम अधिक रसायनों के संपर्क में

शोधकर्ता इस वृद्धि के कारणों को समझने के लिए काम कर रहे हैं। वर्तमान में, रसायन एक विशेष रूप से महत्वपूर्ण पर्यावरणीय कारक के रूप में चर्चा में हैं। आधुनिक समय में हम अपने पूर्वजों की तुलना में अधिक रसायनों के संपर्क में हैं - जैसे वायु प्रदूषण, खाद्य योजक, प्लास्टिक और कई अन्य चीजें। शराब और सिगरेट के धुएं को छोड़ दें तो ज़्यादातर रसायन जो कैंसर से निश्चित रूप से जुड़े हैं वे ऐसे नहीं हैं जिनका लोगों को नियमित रूप से सामना करना पड़ता है। वे सिर्फ़ उद्योग जैसे स्थानों तक ही सीमित हैं। चिंता का एक मुख्य रसायन प्लास्टिक है, जो सर्वव्यापी है और लगभग हर कोई हर दिन इनसे सामना करता है। विशेषज्ञ इस बात पर सहमत हैं कि प्लास्टिक मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए समग्र रूप से बहुत बड़ा खतरा है।

## खबर संक्षेप

### गाड़ी व नकदी चुराने के दो आरोपी पकड़े

**सिरसा।** पुलिस ने डेरे से गाड़ी व नकदी चोरी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थाना सदर प्रभारी सुखदेव सिंह ने बताया कि कल्याण नगर सिरसा निवासी प्रतिज्ञा ने पुलिस को अपनी शिकायत में कहा था कि डेरा के निकट से उसकी कार व 35 हजार रुपए नकद चोरी हो गए हैं। इस पर पुलिस ने विभिन्न कानूनी धाराओं के तहत केस दर्जकर जांच आरंभ की और बुधवार को दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। इनमें राकेश निवासी हिसार व कौशल निवासी कीर्तिनगर सिरसा शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों को काबूकर उन्हें अदालत में पेश किया जहां से उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### गुरु पूर्णिमा उत्सव कार्यक्रम आज

**सिरसा।** मुख्य धाम बाबा भूमणशाह सिरसा में10 जुलाई को गुरु पूर्णिमा उत्सव एवं पौधा वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। डेरा के सचिव विनोद एडवोकेट ने बताया कि डेरा बाबा भूमणशाह में सुबह सात बजे हवन यज्ञ किया जाएगा और इसके बाद सुबह साढ़े नौ बजे रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस दौरान सत्संग भी आयोजित किया जाएगा जिसमें डेरा के गद्दीनशीन संत बाबा ब्रह्मदास महाराज प्रवचन करेंगे।

### अवैध पिस्तौल सहित युवक को किया काबू

**सिरसा।** पुलिस द्वारा अवैध हथियारों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत एक युवक को पकडक़र उसके कब्जे से नाजायज पिस्तौल बरामद की है। इस सिलसिले में पुलिस अधिकारी संदीप कुमार ने बताया कि सिरसा पुलिस की टीम नियमित गश्त पर थी कि इसी दौरान पंचमुखी बालाजी गौशाला के पास उसे एक संदिग्ध युवक दिखा। पुलिस ने युवक को रोकर उसकी तलाशी ली तो उसके कब्जे से एक नाजायज पिस्तोल बरामद की। आरोपी की पहचान हंसराज निवासी सिरसा के रूप में हुई।

### गोवंश तस्करी मामले में वांछित गिरफ्तार

**सिरसा।** पुलिस ने गौवंश तस्करी मामले में वांछित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार पुलिस ने 24 अगस्त 2022 को गौवंश से भरे ट्रक को गांव नेजाडेला बाईपास पर पकड़ा था। ट्रक में 20 गौवंश बेरहमी से ठूंस-ठूंस कर भरे हुए थे, जिन्हें गोकशी के लिए ले जाया जा रहा था। जिसपर थाना सदर सिरसा में मामला दर्ज किया गया था।

### मानसिक परेशानी के चलते युवक ने फांसी लगाई

**हिसार।** आजाद नगर थाना क्षेत्र में गोरछी रोड पर एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मूलरूप से उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर निवासी शिव प्रसाद अपने परिजनों के साथ सातरोड में रहता था। बताया जा रहा है कि उसका पिता अपने गांव गया हुआ था। किसी परेशानी के चलते लगभग 18 वर्षीय शिव प्रसाद ने गोरछी रोड स्थित एक ईंट भट्ठा के पास फांसी लगा ली। पुलिस ने उसके पिता के बयान पर इत्तफाकिया कार्रवाई द्व की है।

### अपराध मुक्त अभियान के तहत सीआईए की कार्रवाई

# निजी फार्म हाउस में चल रहे जुए के अड्डे पर छापा, 13 जुआरी गिरफ्तार

- आरोपियों के कब्जे से 90 हजार 500 रुपये की जुआ राशि और अन्य सामग्री बरामद की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

अपराध और असामाजिक गतिविधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अपराध मुक्त अभियान के तहत सीआईए फतेहाबाद पुलिस को बड़ी सफलता प्राप्त हुई है। पुलिस टीम ने एक निजी फार्म हाउस में चल रहे जुए के अड्डे पर छापा मारकर 13 आरोपियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

आरोपियों के कब्जे से 90 हजार 500 रुपये की जुआ राशि और अन्य सामग्री बरामद की गई है। बुधवार को इस बारे जानकारी देते हुए सीआईए प्रभारी निरीक्षक यादवेन्द्र ने बताया कि उपनिरीक्षक संजय कुमार के नेतृत्व में सीआईए फतेहाबाद की टीम अपराधों की रोकथाम के लिए सोत्र भट्टू क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इस दौरान टीम को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि सोत्र भट्टू के नजदीक स्थित एक फार्म हाउस में, फार्म हाउस मालिक द्वारा जुए का अड्डा संचालित किया जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए मौके पर छापा मारा। मौके से नरेन्द्र, विनोद कुमार, रवि कुमार, श्रवण, बिट्टू, हेमराज, कुलदीप सिंह, देशराज, राखा, राम, जज सिंह, राज कुमार, सतीश कुमार एवं राकेश कुमार को जुआ खेलते हुए पकड़ा गया।

इनसे 90,500 रुपये की जुआ राशि, ताश की गड्डियां और अन्य जुए से संबंधित सामग्री बरामद की गई। फार्म हाउस मालिक के खिलाफ भी सख्त कानूनी कार्रवाई की जा रही है। एसपी सिद्धांत जैन ने कहा कि पुलिस ऐसे अवैध धंधों को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेगी। क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु पुलिस लगातार सतर्क है और असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई जारी है। गिरफ्तार आरोपियों के विरुद्ध थाना सदर फतेहाबाद में जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।


फतेहाबाद। फार्म हाऊस में जुआ खेलते पकड़े गए युवक।

# नशीली गोलियों की बड़ी खेप बरामदगी के मामला में असल सप्लायर को किया काबू

- जिले को नशा मुक्त बनाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे विशेष अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिले को नशा मुक्त बनाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सीआईए टोहाना पुलिस ने नशा तस्करी से जुड़े तीसरे असली सप्लायर को गिरफ्तार किया है, जिसकी पहचान दीपक उर्फ काला पुत्र रेशम, निवासी प्राइवेट लोको बस्ती, जींद के रूप में हुई है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। सीआईए टोहाना प्रभारी श्री अशोक कुमार ने बताया कि दिनांक 15 मई को पुलिस टीम को सूचना प्राप्त हुई थी कि एक संदिग्ध व्यक्ति अवैध रूप से प्रतिबंधित नशीली दवाओं की तस्करी में संलिप्त है। इस सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने भाखड़ा नहर पुल, गांव दमकौरा के निकट नाकाबंदी कर सघन जांच अभियान चलाया। इस दौरान राकेश उर्फ काला पुत्र ज्ञान चंद, निवासी वार्ड नंबर 12, मूनक, पंजाब को मौके पर काबू किया गया। उसकी तलाशी के दौरान 1800 टैबलेट एलप्राजोलम (एक प्रतिबंधित नशीली दवा) बरामद की गई, जिन्हें वह बिना वैध लाइसेंस के अवैध रूप से बेचने की फिराक में था। दौरान जांच, आरोपी राकेश की पूछताछ के आधार पर पुलिस ने राजपाल उर्फ पाली को भी गिरफ्तार किया था। अब आगे की कड़ी में पुलिस ने इस तस्करी नेटवर्क से जुड़े तीसरे असली सप्लायर दीपक उर्फ काला को भी काबू कर लिया है। उसे न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। आरोपियों के विरुद्ध थाना शहर टोहाना में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज है।


फतेहाबाद। पुलिस गिरफ्त में नशीली गोलियों का सप्लायर।

### विद्यार्थियों के उत्थान के लिए प्रतिबद्धता से कार्य करेगा विद्यालय प्रशासनः दहिया

**सिरसा।** डीएवी पब्लिक स्कूल सिरसा के नवनियुक्त प्राचार्य नरेंद्र सिंह दहिया ने कहा कि इस विद्यालय में प्राचार्य के तौर पर वे विद्यार्थियों में शिक्षा के स्तर को बौद्धिकता के साथ बढ़ाने के साथ-साथ सामाजिक कुरीतियों के शमन का अभियान चलाकर विद्यार्थियों को जागरूक किया जाएगा। प्राचार्य नरेंद्र सिंह दहिया ने बताया कि चूंकि सिरसा क्षेत्र में नशे का प्रचलन काफी पाया जा रहा है, इसलिए स्कूली विद्यार्थियों को इससे दूर रहने और इससे होने वाली हानियों के सिलसिले में व्यापक जानकारी देकर जागरूक किया जाएगा। साथ ही पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी पहल करते हुए प्लास्टिक के इस्तेमाल को रोकने की मुहिम चलाई जाएगी। प्राचार्य नरेंद्र सिंह दहिया ने कहा कि शैक्षिक, सामाजिक व सकारात्मक कार्यों में शहर के प्रमुख लोगों का भी सहयोग लिया जाएगा।

### हाइवे पर दोनों ओर स्पीड ब्रेकर भी बनाए जाएंगे

# शिवपुरी के सामने क्रॉसिंग पर बनेगा 30 फुट बड़ा चौक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

नेशनल हाइवे पर शिवपुरी के सामने हाल में तोड़े गए पिलर की क्रॉसिंग के स्थान पर अब 30 फुट चौड़ा चौक बनेगा। इसके साथ हाइवे पर दोनों ओर स्पीड ब्रेकर भी बनाए जाएंगे। चौक व स्पीड ब्रेकर बन जाने के बाद शहर की ओर से शिवपुरी में जाने वाले लोग और अंतिम संस्कार के लिए जाने वाले वाहनों को सुविधा होगी।

नगरपरिषद के जेई सुखविन्द्र धूड़ियां ने इसकी पुष्टि की है। बता दें कि शिवपुरी के सामने फुटपाथ पर ग्रिल लगाई जा रही थी। यहां क्रॉसिंग पर दोनों ओर 6 फुट के बड़े पिलर बनाए गए थे। पिलर बन जाने के बाद दोनों दिशाओं में आने-जाने वाले लोगों की विजिबिलिटी बंद हो गई थी। पिछले दिनों यहां पर एक दुर्घटना भी हो गई, जिसके बाद शिवपुरी सुधार सभा के सचिव सुनील सचदेवा ने डीएमसी को ज्ञापन सौंपकर पिलर तोडऩे की मांग रखी। इसके अलावा उन्होंने यहां पर क्रॉसिंग पर बड़ा किए जाने के साथ-साथ दोनों ओर स्पीड ब्रेकर बनाने की भी मांग उठाई थी ताकि शिवपुरी व यहां स्थित मंदिरों में जाने वाले वाहन व एम्बुलैंस को कोई असुविधा न हो। डीएमसी ने पिलर तुड़वाने के बाद नगरपरिषद के निर्देश दिए हैं कि यहां पर सुआगमन चौक स्थापित किया जाए। पीडब्ल्यूडी को कहकर यहां पर स्पीड ब्रेकर बनवाए जाएं। यहां बनने वाला चौक 30 फुट से कम चौड़ा न हो। अगर हो सके तो इसकी ग्रिलें भी तुड़वाई जाए।


फतेहाबाद। पिलर तोडऩे के बाद खुला रास्ता। फोटो : हरिभूमि

# राज्यसभा सांसद बराला के प्रयासों से अब टोहाना में रुकेगी अंदोरा-अंबाला मेमू ट्रेन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| टोहाना

राज्यसभा सांसद सुभाष बराला के निरंतर प्रयासों के फलस्वरूप अंदोरा-अंबाला मेमू ट्रेन संख्या का ठहराव अब टोहाना रेलवे स्टेशन पर भी मंजूर कर लिया गया है। यह निर्णय क्षेत्रीय नागरिकों की वर्षों पुरानी मांग को पूर्ण करने की दिशा में एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने क्षेत्र की जनभावनाओं का त्वरित संज्ञान लिया और केंद्र सरकार की उस प्रतिबद्धता को पुनः स्पष्ट किया जिसका उद्देश्य प्रत्येक नागरिक को सुगम, सुरक्षित और सुविधाजनक परिवहन व्यवस्था प्रदान करना है। केंद्र सरकार का लक्ष्य है कि देश के प्रत्येक नागरिक को सुगम, सुरक्षित और सुविधाजनक परिवहन व्यवस्था मिले। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में रेल मंत्रालय लगातार क्षेत्रीय आवश्यकताओं के अनुरूप रेल सेवाओं का विस्तार कर रहा है। इसी कड़ी में टोहाना को मेमू ट्रेन ठहराव की सौगात मिलना केंद्र सरकार की नागरिक-केंद्रित नीति का परिचायक है। उन्होंने कहा कि टोहाना से कुरुक्षेत्र, अंबाला और चंडीगढ़ जैसे शिक्षा एवं धार्मिक केन्द्रों की सीधी रेल कनेक्टिविटी से विद्यार्थियों और यात्रियों को विशेष लाभ मिलेगा। यह ट्रेन 17 मई 2025 से शुरू हुई थी, लेकिन प्रारंभ में इसका ठहराव टोहाना स्टेशन पर निर्धारित नहीं था। राज्यसभा ने करेल मंत्री को पत्र लिखकर इस ट्रेन का ठहराव टोहाना स्टेशन पर करवाने का अनुरोध किया।

## न्यूज डायरी

### इनेलो किसान सैल की कार्यकारिणी घोषित

**सिरसा।** इनेलो जिलाध्यक्ष जसवीर सिंह जस्सा ने बुधवार को कालांवाली हलके की किसान सैल की कार्यकारिणी घोषित की। घोषित कार्यकारिणी में प्रकोष्ठ के हलका प्रधान बुधसिंह सरपंच को बनाया गया है। वहीं मंजीत सिंह को वरिष्ठ उपप्रधान, पाला सिंह पूर्व चेयरमैन प्रधान महासचिव बनाया गया है। इसके अलावा पलविंद्र सिंह, सुखविंद्र सिंह, सतविंद्र सिंह, जसविंद्र सिंह बिंदी, गुरजंट सिंह, सुभाष, गुरप्रीत सिंह, पलविंद्र सिंह, अंग्रेज सिंह व सुभाष भांभू को उपप्रधान बनाया गया है। इसी प्रकार मंदर सिंह, अमरजीत सिंह, सुखजिंद्र सिंह, अमरजीत सिंह, गुरपाल सिंह, वीरा नंबरदार, पवन कंबोज, प्रेम नंबरदार, संतोष श्योराण को महासचिव बनाया गया है। उधर, भरत सिंह गोदारा, भूप सिंह, विनोद देहडू, गुरमीत सिंह, सुखवीर सिंह, गमदूर सिंह, मिठु सिंह, मनप्रीत सिंह गिल, उगर सिंह व काला सिंह को सचिव पद की जिम्मेदारी दी गई है। इसी प्रकार नाजर प्रेमी को संगठन सचिव, गुरदास सिंह को प्रचार सचिव पद का दायित्व सौंपा गया है।

### बुक सेलर एंड स्टेशनरी संगठन का मिलन समारोह

**सिरसा।** बुक सेलर एंड स्टेशनरी संगठन का मिलन समारोह आयोजित हुआ जिसमें लगभग सभी प्रमुख दुकानदारों ने हिस्सा लिया। सभा में बुक सेलर व स्टेशनरी पुस्तक विकेताओ की समस्याओं के बारे में विस्तृत रूप से चर्चा की गई तथा उसके निदान के लिए भी हर संभव प्रयास करने की बात कही गईद्य सभा में इस बात की भी चर्चा की गई कि जो भी बुक सेलर व स्टेशनरी के दुकानदार संगठन की सदस्यता ग्रहण करना चाहते हैं वे कर सकते हैंद्य विगत की तरह सभा में लकी ड्रा का भी आयोजन किया गया जिसके विजेता पवन कुमार वर्मा कॉपी हाउस रहे। बुक सेलर व स्टेशनरी संगठन के सदस्यों के द्वारा केंद्र सरकार व हरियाणा सरकार से मांग की गई कि सिरसा में ही आईआईटी बनवाया जाए। इस मौके पर राजकुमार राजू, मंजीत सिंह, राजेश राजू, इंद्र पाल, सतीश जिंदल, राजीव जिंदल, बृजेश वालिया, विजय, सोम प्रकाश, जगदीश, शशि मेहता, गोबिंद वर्मा, पवन वर्मा,मनु स्वामी, सुकांत मोंगा, तनुज, सतीश मेहता, प्रवीण खंगार, संदीप सत्य, संजीव, नवनीत सेठी, मनसा राम, भारतेंदु बंसल, सुशील, राजेश खुराना, रिंकू वधवा ,संजय मेहता, धीरज सरदाना, हरीश चावला, कपिल और लव सरदाना भी मौजूद थे।

### फिजिकल काउंसलिंग से प्रवेश प्रक्रिया जारी

**सिरसा।** राजकीय नेशनल महाविद्यालय में स्नातक कक्षाओं के प्रथम सत्र में फिजिकल काउंसिलिंग के माध्यम से प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। पहले प्रवेश जमा करवा चुके परंतु फीस जमा करवाने से रह गए प्रवेशार्थी फिजिकल काउंसिलिंग उपरांत 10 जुलाई तक फीस जमा करवा सकते हैं। फिर भी प्रवेश से रह गए इच्छुक प्रवेशार्थी 10 जुलाई से अपने भरे हुए प्रवेशपत्रों को संपादित संशोधित भी कर सकते हैं और नया प्रवेशपत्र भी भर सकते हैं। यह प्रक्रिया 23 जुलाई तक जारी रहेगी। फिकिकल काउंसिलिंग हेतु विभिन्न समितियों का स्थान निर्धारित कर दिया गया है। महाविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी डॉ. रमेश सोनी ने बताया कि ऑनलाइन प्रवेशपत्र भरने के उपरांत प्रवेशार्थी बीएससी फिजकिल साइंस एवं लाइफ साइंस व बीसीए की समिति के लिए कमरा नंबर 41, बीए एवं बीए मेजर इकनॉमिक्स, हिंदी व गणित के लिए मल्टीपर्पज हॉल, बीकॉम एवं बीबीए के लिए कमरा नंबर 206 में 10 बजे से 1 बजे तक अपने दस्तावेज सत्यापित करवाकर फीस संबंधी जानकारी हासिल कर सकते हैं। प्रवेश हासिल कर लेने वाले प्रवेशार्थियों की सूची प्रतिदिन जारी होगी और उन्हें निर्धारित समय अनुसार तुरंत ऑनलाइन फीस जमा करवानी होगी।

### एनडीपीएस एक्ट के दो वांछित पकड़े

**सिरसा।** पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज मामले का वांछित आरोपी प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया है। इस सिलसिले में थाना सदर सिरसा निरीक्षक सुखदेव सिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफि बीती 27 अप्रेल 2025 को एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग दर्ज किया गया था। आरोपी की पहचान जसवंत सिंह निवासी सूरतगढ़ के रूप में हुई है। आरोपी पर नशीले पदार्थों की सप्लाई का आरोप है। निरीक्षक सुखदेव सिंह ने बताया कि आरोपी को प्रोडक्शन वारंट पर लेकर पूछताछ की गई जिसके उपरांत उसे विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय में पेश किया गया और वहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इसी प्रकार के एक अन्य मामले में सिरसा पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज अभियोग में वांछित नशा सप्लाई के आरोपी विकास को पकड़ा है। आरोपी ढाबी खुर्द, जिला फतेहाबाद का निवासी है। इस सिलसिले में थाना नाथूसरी चौपटा के निरीक्षक राजकुमार ने बताया कि आरोपी को प्रोडक्शन वारंट के माध्यम से लाकर गहन पूछताछ की गई है। आरोपी को अदालत में पेश किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान आरोपी से नशा तस्करी से जुड़े अन्य सहयोगियों और नेटवर्क की जानकारी जुटाने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि पूरे गिरोह को कानूनी शिकंजे में लिया जा सके।


रतिया। पशु अस्पताल में पौधारोपण करते सोसायटी सदस्य।

# युवा अरोड़वंश वेलफेयर सोसायटी ने पशु अस्पताल में किया लगाए पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया

युवा अरोड़वंश वेलफेयर सोसायटी द्वारा लाली रोड स्थित पशु अस्पताल में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। सोसायटी अध्यक्ष डॉ. पीयूष अरोड़ा के नेतृत्व में सदस्यों द्वारा पौधारोपण किया गया। इस मौके पशु अस्पताल के डॉ. सुनील बिश्नोई, दर्शन शर्मा की देख रेख में सोसायटी सदस्यों द्वारा पौधारोपण किया गया। कोआर्डिनेटर हैप्पी सिंह सेठी ने बताया कि बरसाती मौसम को ध्यान रखते हुए जिले में सोसायटी सदस्यों द्वारा बढ़ चढ़ कर पौधारोपण किया जा रहा है। इस दौरान अस्पताल की खाली पड़ी जगह पर फूलदार एवं छायादार पौधे लगाए गए। वहीं पौधारोपण के पश्चात डॉ. सुनील बिश्नोई ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण उत्तम कार्य है जो हमें फलस्वरूप हरियाली प्रदान करते हुए फल व छाया देती है, इसलिए हमें बढ़ चढ़ कर इस मौसम में पौधारोपण करते हुए समाज में जागरूकता लाए। इस मौके पर सुनील मोंगा, मोहन चिलाना, गुलशन मोंगा, प्रेम सेठी सतीश अरोड़ा, मुनीश कक्कड़ सहित मौजूद रहे।

# ट्रैफिक नियमों के प्रति किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व ट्रैफिक पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से भूमणशाह चौक पर रोड सेफ्टी पर 'रोड रूल लाइफ टूल्ज' के तहत ट्रैफिक नियमों पर कानूनी जागरूकता शिविर लगाया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रवेश सिंगला ने बताया कि टीम ने लोगों को दोपहिया वाहनों पर तीन व्यक्ति न बैठने, गाड़ी पर चलाते समय फोन पर न बात करने, सीट बैल्ट लगाकर गाड़ी चलाने, हेल्मेट लगाकर गाड़ी चलाने, सरकारी नंबर प्लेट लगाने, ओवरलोड न चलाने, रोड साइन का उपयोग करने, लोगों से अपने छोटे बच्चों को स्कूटी व बाइक न चलाने की सलाह दी है।

उन्होंने बताया कि सड़क दुर्घटना पीड़ितों को कानूनी सेवाएं योजना 2025 और व्यापक राष्ट्रीय सडक़ सुरक्षा पहलों के मद्देनजर, सावर्जनिक भागीदारी, कानूनी साक्षरता और आपात कालीन प्रतिक्रिया तंत्र को मजबूत करना अनिवार्य है।

टीम में एलएडीसी डिप्टी कंवरजीत सिंह, असिस्टेंट देवेंद्र कौर, पैनल अधिवक्ता कुलदीप पूनिया, एसएचओ शमशेर सिंह, राजेंद्र सिंह, एएसआई राजेंद्र सिंह, एचसी रमेश, एचसी बुधराम, एसपीओ जगमीत, होमगार्ड मनजीत सिंह मौजूद रहे।


सिरसा। ट्रैफिक नियमों की जानकारी देते टीम के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### युवा प्रधान ने सैलजा व दीपेंद्र से की मुलाकात

**ओढां।** युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष गोविंद सिंह उर्फ बग्गा नंबरदार निवासी ओढ़ा ने हल्का डबवाली के कार्यकर्ताओं के साथ कांग्रेस सांसद कुमारी शैलजा और सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा से दिल्ली में जाकर मुलाकात की और उन्हें पार्टी का युवा जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर उनका आभार प्रकट करते हुए कहा कि पार्टी ने उन्हें जो मान सम्मान दिया है वह उसे अपनी टीम के साथ पार्टी को मजबूत बनाने का काम करेंगें। इस अवसर पर गोबिंद सिंह बग्गा ओढा जिलाध्यक्ष यूथ कांग्रेस सिरसा, लखवीर सिंह लखी ओढ़ा आदि मौजूद रहे।

### सिटी बस सर्विस शुरु करे प्रशासनः शर्मा

**सिरसा।** जेजेपी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी के प्रधान महासचिव राधेश्याम शर्मा ने कहा कि शहर में दिनोंदिन बढ़ रहे तिपहिया वाहन शहरवासियों के लिए बड़ा सिरदर्द बने हुए हैं जिन पर प्रशासन की किसी प्रकार कोई लगाम नहीं है। बुधवार को जारी बयान में जेजेपी नेता राधेश्याम शर्मा ने कहा कि शहर में इस समय तिपहिया वाहनों की संख्या करीब 5 हजार है जो शहर के विभिन्न हिस्सों में अनावश्यक भीड़ और यात्रियों के लिए बड़ी सिरदर्दी का कारक बने हुए हैं।

# टीम ने खाद विक्रेताओं का जांचा स्टाक, दो फर्मों को थमाए नोटिस

- स्टॉक रजिस्टर व अन्य दस्तावेजों की जांच की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

कृषि एंव किसान कल्याण विभाग के संयुक्त निदेशक (कृषि अभियांत्रिकी) डा. जगमिंद्र नैन ने बुधवार को मंडी डबवाली में खाद विक्रेताओं की दुकानों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उप कृषि निदेशक, गुण नियंत्रण निरीक्षक, विषय-विशेषज्ञ, सहायक पौधा संरक्षण अधिकारी व उप मंडल कृषि अधिकारी डबवाली मौजूद रहे। टीम ने मंडी डबवाली में दुकानों पर खाद के वितरण बारे, गोदामों में उपलब्ध खाद व पीओएस मशीन में उपलब्ध खाद के स्टॉक का मिलान किया और स्टॉक रजिस्टर व अन्य दस्तावेजों की जांच की। इस दौरान अनियमितता पाए जाने पर दो डीलरों/फर्मों को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए तुरंत प्रभाव से खाद की बिक्री पर रोक लगा दी है व सभी डीलरों/फर्मों को सख्त हिदायत दी गई कि वे खाद के साथ किसी प्रकार की टैगिंग न करें। उन्होंने डीलरों/फर्मों को यह भी निर्देश दिए कि सरकार की हिदायतों अनुसार खाद बिक्री करें ताकि किसानों को समय पर खाद मिल सके।


सिरसा। डबवाली में खाद विक्रेता दुकानों पर स्टॉक जांचते निदेशक डा. जगमिंद्र नैन। फोटो : हरिभूमि

### बड़ागुढ़ा क्षेत्र में हुई बरसात, निचले भागों में पानी हुआ जमा

# मानसूनी बारिश से खेतों में फसलों को फायदा

- गर्मी से मिली राहत, तापमान में आई गिरावट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

जिला के बड़ागुढ़ा क्षेत्र में मंगलवार रात्रि और बुधवार सुबह को मानसूनी बारिश हुई। कुछ गांवों में काफी समय तक लगातार हुई बारिश से गली नालियों सहित निचले भागों में पानी जमा हो गया। किसान बेअंत सिंह, कुलदीप सिंह, चरणपाल सिंह, बिकर सिंह, मक्खन सिंह, जरनैल सिंह, लखा सिंह, तरसेम सिंह, जसकरण सिंह, गुरजंट सिंह, अमरिक सिंह, जसपाल सिंह, वेद प्रकाश, रतन लाल, मेजर सिंह, जगसीर सिंह, चमकौर सिंह, गोरा सिंह, जगजीवन सिंह, सतनाम सिंह, गुरप्रीत सिंह, राम लाल, मग्घर सिंह, शाम सुंदर, गुरपाल सिंह, गुरनायब सिंह, दर्शन सिंह, बलदीप सिंह, गुरदास सिंह, राजेन्द्र धंजू, गुरलाल सिंह, बलकरण सिंह, गुरमीत सिंह, लखविंदर सिंह, चरणजीत सिंह, जस्सी, अमनदीप सिंह आदि ने मानसूनी बारिश के आगमन पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि मानसूनी बारिश का पानी तो फसलों के लिए लाभकारी सिद्ध होगी। आजकल गर्मी के मौसम में मानसूनी बारिश का आना जीव जंतु, पशु पक्षी, वनस्पति, पेड़ पौधे, फसलें आदि सहित आमजन के लिए लाभदायक होती है। बिना बारिश के सब सुन है इसलिए सभी को मानसूनी बारिश की इंतजार लगी रहती है। इस बार बारिश देरी से आई इसलिए क्षेत्र में भीषण गर्मी के कारण खेतों में खड़ी नरमा, ग्वार आदि फसलें मुरझा रही थी वही नहर रजवाहे में भी इस बार बंदी के चलते पानी की किल्लत रही। क्षेत्र में धान की फसलों के लिए पानी की कमी के चलते किसानों को काफी दिक्कत हो रही थी। इस पहली मानसूनी बारिश से खेतों में खड़ी फसलों को काफी लाभ होगा। इसके अलावा आमजन को भीषण गर्मी से निजात मिलेगी। यहां बारिश से शुष्क क्षेत्र में बारिश से लोगों के चेहरे खिले हैं। आज ग्रामीण आंचल में बारिश की खुशी में मीठे पकवान बना जा रहे हैं। उधर घग्गर नदी में पानी आने के चलते तटवर्ती इलाके के अलावा अन्य धान उत्पादक क्षेत्र में धान लगाने के बाद बाकी रहते क्षेत्र में भी धान लगाने के कार्य में भी तेजी आई।


सिरसा। बरसात के बाद खिली नरमा फसल। फोटो : हरिभूमि

# कांवड़ यात्रा को लेकर पुलिस की एडवाइजरी : डीजे व म्यूजिक सिस्टम केवल वाहन की बॉडी के भीतर ही लगाए जा सकेंगे

## ट्रैक्टर-ट्रॉली और जुगाड़ वाहन से कांवड़ ले जाने पर रहेगा पूर्ण प्रतिबंध, 7 फीट से ऊंची नहीं होगी कावड़

■ एसपी ने कावड़ यात्र की तैयारियों को लेकर ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

श्रावण मास के पावन अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पवित्र कांवड़ यात्रा पर प्रस्थान करते हैं। इस धार्मिक यात्रा को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराने हेतु पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने जिले के समस्त थाना प्रभारियों एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा, यातायात नियंत्रण एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखना जिला पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता होगी।



जारी एडवाइजरी में निर्देशित किया गया है कि कांवड़ यात्रा के दौरान ट्रैक्टर-ट्रॉली, जुगाड़ वाहन तथा अन्य भारी वाहनों के माध्यम से कांवड़ ले जाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। इस निर्देश की जानकारी पंचायत स्तर तक प्रचारित की जाएगी, जिससे आमजन समय रहते सचेत हो सकें। डाक कांवड़ में प्रयुक्त होने वाले डीजे व म्यूजिक सिस्टम केवल वाहन की बॉडी के भीतर ही लगाए जा सकेंगे। बाहरी व बड़े ध्वनि यंत्रों का प्रयोग निषिद्ध रहेगा तथा उल्लंघन करने पर संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। श्रद्धालुओं को निर्देशित किया गया है कि वे यात्रा के दौरान अपना वैध पहचान पत्र साथ रखें एवं किसी भी प्रकार के नुकीले हथियार, भाले आदि साथ न रखें।

सभी को नहर पटरियों जैसे सुरक्षित मार्गों का उपयोग करने हेतु प्रेरित किया जाएगा। साथ ही, ऐसी कांवड़ जिनकी ऊंचाई 7 फीट से अधिक हो तथा झांकियां जिनकी ऊंचाई 12 फीट से अधिक हो, उनके उपयोग पर पूर्णतः रोक रहेगी, जिससे बिजली की तारों से होने वाली दुर्घटनाओं से बचा जा सके। पुलिस लगातार नजर रखेगी।

### शराब व मादक पदार्थों के सेवन पर प्रतिबंध

रेलगाड़ियों की छतों पर यात्रा करना पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। पुलिस बल इस प्रतिबंध को कड़ाई से लागू करेगा। कांवड़ यात्रा के दौरान शराब एवं अन्य मादक पदार्थों के सेवन पर भी पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। इस संदर्भ में व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाए जाएंगे। इसके अतिरिक्त, मोटरसाइकिलों से साइलेंसर हटाकर तेज आवाज करने जैसी गतिविधियों पर भी सख्त निगरानी रखी जाएगी। आतंकवादी गतिविधियों की संभावनाओं के दृष्टिगत सीमावर्ती क्षेत्रों, रेलवे स्टेशन, बस अड्डे, होटल, मॉल, धर्मशालाएं, बंद पड़े मकान या फैक्टरियाँ, भीड़भाड़ वाले बाजार एवं सार्वजनिक स्थलों पर सतत निगरानी रखने तथा संदिग्ध गतिविधियों की सूचना पर त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए हैं। साथ ही, खुफिया एजेंसियों से समन्वय बनाए रखने को भी प्राथमिकता दी जाएगी।

### थाना प्रभारियों को गश्त के निर्देश



एसपी ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित गश्त, नाकाबंदी एवं चेकिंग सुनिश्चित करें। साथ ही गोष्ठियों, होर्डिंग्स, लोकल केबल नेटवर्क और मुनादी जैसे माध्यमों से आमजन को कांवड़ यात्रा संबंधी नियमों व दिशा-निर्देशों के प्रति जागरूक करें। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने समस्त श्रद्धालुओं एवं नागरिकों से अपील की है कि वे प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पूर्णतः पालन करें, सहयोग करें और इस पवित्र यात्रा को शांतिपूर्ण व सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने में अपनी जिम्मेदारी निभाएं।

-एसपी सिद्धांत जैन

## खबर संक्षेप

### बाल श्रम मुक्त अभियान के तहत दो बच्चे किए रेस्क्यू

**फतेहाबाद।** बाल श्रम रोकने को लेकर उपायुक्त मनदीप कौर के निर्देशानुसार गठित जिला टास्क फोर्स ने जिला फतेहाबाद में आज विशेष अभियान चलाया। इस अभियान के दौरान जिला में होटल, ढाबों और दुकानों पर छापामारी की गई। इस दौरान जिला फतेहाबाद में दुकान पर काम करने वाले दो बच्चों को रेस्क्यू किया गया। बच्चों के आगामी हित को देखते हुए टीम ने बच्चों को बाल कल्याण समिति में प्रस्तुत कर दिया। जिला बाल संरक्षण अधिकारी शिव कुमार मालवाल ने बताया कि अभियान को और भी तेज गति से चलाया जाएगा और आम जन से अपील की है कि वे छोटी उम्र के बच्चों को ढाबों, होटलों और दुकानों पर ना रखें। बच्चों को पढ़ने के लिए प्रेरित करें। इस दौरान टीम में लेबर इंस्पेक्टर कमलेश जांगड़ा, सामाजिक कार्यकर्ता आशा रानी, आउटरीच वर्कर सवीना सहित क्राइम ब्रांच टीम व जिला न्याय विधिक प्राधिकरण से कर्मचारी मौजूद रहे।

### सहायक बुक कीपर प्रशिक्षण का समापन

**फतेहाबाद।** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा पंचायत भवन में संचालित 38 दिवसीय सहायक बुक कीपर प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन किया गया। इस अवसर पर आरसेटी के निदेशक बीरेन्द्र प्रसाद ने 30 प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। समापन समारोह के दौरान उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके युवक-युवतियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि जिस व्यक्ति में योग्यता होती है, वह कभी खाली नहीं बैठता। यदि हम अपने कौशल और क्षमता के अनुरूप कोई प्रशिक्षण प्राप्त करें।

### आय में नहीं जुड़ेगी पेंशनधारकों की पेंशन

**फतेहाबाद।** प्रदेश में वृद्धों, विधवाओं और विकलांगों को मिलने वाली पेंशन को परिवार की मासिक आय में नहीं जोड़ा जाएगा। इसका खुलासा जिले के जाखल निवासी एक आरटीआई कार्यकर्ता द्वारा मांगी गई जानकारी में हुआ है। हरियाणा सरकार ने परिवार पहचान पत्र में पेंशन को लेकर महत्वपूर्ण स्पष्टीकरण जारी किया है। सरकार ने आरटीआई के जवाब में कहा है कि वृद्ध, विधवा और विकलांग पेंशनधारकों को मिलने वाली मासिक राशि को परिवार की आय में नहीं जोड़ा जाएगा। जाखल निवासी अंकुश कुमार ने पिछले साल आरटीआई के तहत यह जानकारी मांगी थी। उसने पूछा था कि क्या पेंशनधारकों को मिलने वाली राशि को परिवार पहचान पत्र में आय माना जाएगा।

### बाइक को टक्कर मारने के आरोप में कार चालक काबू

**फतेहाबाद।** थाना शहर फतेहाबाद पुलिस ने सड़क दुर्घटना के एक मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी चालक को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान संदीप कुमार पुत्र राम कुमार निवासी तीलियां पुल, बाल्मीकि मोहल्ला, हिसार के रूप में हुई है। थाना प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्रा ने बताया कि यह मामला राजेश कुमार पुत्र रामपाल निवासी गांव धागड़ की शिकायत पर दर्ज किया गया था। शिकायत के अनुसार, 4 जुलाई को शिकायतकर्ता अपने साथी सुनील पुत्र राजेन्द्र के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर फतेहाबाद से अपने गांव लौट रहा था। जब वह हिसार रोड स्थित कुलडिया पेट्रोल पंप के समीप पहुंचे, तभी पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार स्कोडा कार ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी।

### दो युवक प्रतिबंधित कैप्सूल के साथ दबोचे

**डबवाली।** डबवाली पुलिस ने मेडिकल नशा तस्करों को रडार पर लेते हुए दो आरोपियों को 300 कैप्सूल के साथ काबू किया। आरोपियों की पहचान सुरजीत सिंह उर्फ प्रदीप पुत्र बलदेव सिंह निवासी मसीतां व रवि उर्फ काला पुत्र धीरा सिंह निवासी मसीतां को काबू करने में कामयाबी हासिल की है। पुलिस जांच में जुटी है। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि नशा की तस्करी को सहन नहीं करेंगे।

## 18 से आयोजित होंगे जागरूकता शिविर पीएलवी का ड्यूटी शेड्यूल किया जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश दीपक अग्रवाल के दिशा निर्देशन में जिला में राष्ट्रीय विधिक सेवाएं प्राधिकरण व हरियाणा राज्य विधिक सेवाएं प्राधिकरण की विभिन्न स्कीमों की जागरूकता के लिए 18 जुलाई से 30 जुलाई तक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके लिए जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की ओर से पैनल अधिवक्ता व पैरा लीगल वॉलिंटियर की ड्यूटी निर्धारित कर शैड्यूल जारी किया है। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी गायत्री ने बताया कि 18 जुलाई को गांव बहबलपुर में अधिवक्ता एमएल भांभू व पीएलवी सुमन लता, 19 जुलाई को गांव किरढान में अधिवक्ता नवीन कुमार व पीएलवी रिंपू रानी, 20 जुलाई को गांव भोडा होशनाक में अधिवक्ता श्वेता रानी व पीएलवी ममता रानी, 21 जुलाई को गांव दहमन में अधिवक्ता सुमन लता व पीएलवी मुन्नी देवी, 22 जुलाई को गांव धांगड़ में अधिवक्ता पूनम रानी व पीएलवी रीटा जांगडा, 23 को गांव दिगोह में अधिवक्ता पीयूष बतरा व पीएलवी गीता रानी, 24 को गांव छतरियां में अधिवक्ता एम एल भांभू व पीएलवी विश्वमितर, 25 को गांव रामसरा में अधिवक्ता नवीन कुमार व पीएलवी सरला देवी, 26 गको भूना के गांव भट्टू में अधिवक्ता श्रवेता रानी व पीएलवी निर्मला रानी, 27 को गांव धोलू में अधिवक्ता कपिल कुमार व अन्य ड्यूटी देंगे।

## सीडीएलयू का काउंसलिंग शेड्यूल जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

■ यूजी की आज व पीजी की कल से शुरू होगी काउंसलिंग

चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा में यूजी तथा पीजी की 2666 सीटों के लिए अलग-अलग काउंसलिंग शैड्यूल जारी किया है। 10 जुलाई से यूजी तथा 11 जुलाई 2025 से पीजी की काउंसलिंग शुरू हो जाएगी। विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रोफेसर विजय कुमार ने यूआईटीडीसी के अधिकारियो को दाखिला प्रक्रिया के दौरान पेनी नजर बनाए रखने के निर्देश दिए और कहा कि यदि इस प्रक्रिया के दौरान कोई भी त्रुटि आती है तो उसे तुरंत प्रभाव से दुरुस्त किया जाए। कुलगुरु ने विभिन्न दाखिला कमेटियों के संयोजकों एवं विभागाध्यक्षों को भी निर्देश दिए कि वे दाखिला प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता बरते एवं यथासंभव नव आगंतुक विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय प्रवेश में सहयोग करना सुनिश्चित करें। कक्षाओं से पूर्व लैब फैसिलिटीज को भी दुरुस्त कर लिया जाए ताकि विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान के साथ-साथ व्यवहारिक रूप से भी दक्ष किया जा सके। विश्वविद्यालय के जनसम्पर्क निदेशक डॉ. अमित सांगवान ने बुधवार को बताया कि विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी स्कूल फॉर ग्रेजुएट स्टडीज में स्नातक स्तर के दाखिले के आवेदन की प्रक्रिया 9 जून 2025 से शुरू हुई थी व दाखिलों के लिए अंतिम तिथि 9 जुलाई 2025 रही। यूएसजीएस में चलने वाले रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों की पहली काउंसलिंग 10 जुलाई 2025 को होगी और सफल आवेदक 13 जुलाई 2025 सायं 5 बजे तक फीस जमा करवा पाएंगे। दूसरी काउंसलिंग 14 जुलाई 2025 को होगी और सफल आवेदक 16 जुलाई 2025 सायं 5 बजे तक फीस जमा करवा पाएंगे। तीसरी काउंसलिंग 17 जुलाई 2025 को होगी और सफल आवेदक 20 जुलाई 2025 सायं 5 बजे तक फीस जमा करवा पाएंगे। 22 जुलाई 2025 को दोपहर 12 बजे तक फिजिकल काउंसलिंग होगी और सफल आवेदक 23 जुलाई 2025 सायं 5 बजे तक फीस जमा करवा पाएंगे। 22 जुलाई 2025 से कक्षाएँ शुरू होंगी। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों मे स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में भी ऑनलाइन आवदेन प्रक्रिया 9 जून 2025 से शुरू हुई थी।

## जिले में लगाए जाएंगे ढाई लाख पौधे: सतीश कुमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

बरसाती सीजन में वन विभाग की ओर से पौधारोपण अभियान शुरु कर दिया गया है। एक पेड़ मां के नाम योजना के तहत विभिन्न विभागों की ओर से ढाई लाख पौधे लगाए जाने का लक्ष्य रखा गया है। निशुल्क पौधा वितरण योजना के तहत चार लाख 35 हजार पौधे इस बार विभिन्न संस्थाओं, सामाजिक संगठन व विभाग एवं आमजन के सहयोग से लगाए जाने हैं। सभी को वन विभाग की नर्सरी से फ्री में पौधे उपलब्ध होंगे। कोई भी व्यक्ति जिले में वन विभाग की 12 नर्सरियों में से किसी से भी पौधा ले सकता है, लेकिन उसे पौधे कहां लगाए गए, इसकी डिटेल देनी होगी। जिला वन अधिकारी सतीश कुमार ने बुधवार को बताया कि जिला स्तर पर आयोजित हुई बैठक में विभिन्न विभागों ने पौधारोपण में रुचि दिखाई है। सबसे अधिक पौधे एक लाख अकेले शिक्षा विभाग द्वारा लगवाए जाएंगे। जिला परिषद की ओर से पंचायतों के माध्यम से 75 हजार पौधे लगाए जाने हैं, जिला आयुर्वेद अधिकारी की ओर से 50 हजार पौधे लगाए जाएंगे। पुलिस विभाग की ओर से डबवाली व सिरसा में 2-2 हजार, जिला चिकित्सा अधिकारी कार्यालय द्वारा एक हजार, नगर परिषद क्षेत्र में पांच हजार, जिला खेल अधिकारी, डीडीपीओ कार्यालय की ओर से पांच-पांच हजार पौधे लगाए जाएंगे। इसी प्रकार रोडवेज, लोक निर्माण विभाग, सिंचाई विभाग व अन्य भी पौधरोपण करेंगे।

## क्रेसण्ट स्कूल के विद्यार्थियों ने कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट में हासिल की शानदार सफलता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

क्रेसण्ट स्कूल, फतेहाबाद के विद्यार्थियों ने कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट 2024-25 में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय एवं जिले का नाम गौरवान्वित किया । स्कूल के कुल 15 से अधिक विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर यह सिद्ध कर दिया कि मेहनत, समर्पण और सही मार्गदर्शन के साथ कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं। जिगर सिंगला ने 100 प्रतिशत अंकों के साथ गणित में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया, वहीं दक्ष बिश्नोई, महकप्रीत कौर, विधि, लक्षिता, ईशा, मनमीत सिंह, हिमांशु, स्मृति, हार्दिक, दिशा, जिवांश, मोक्ष एवं दिक्षा ने अंग्रेजी, राजनीतिक विज्ञान, भूगोल, अर्थशास्त्र, मनोविज्ञान एवं बिजनेस स्टडी विषय में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर श्रेष्ठता का परिचय दिया।



## भाजपा जिलाध्यक्ष ने घोषित की जिला कार्यकारिणी

■ राष्ट्रवादी सोच के साथ भाजपा कर रही है जनसेवा : जोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष एडवोकेट प्रवीण जोड़ा ने आज भाजपा के जिला पदाधिकारियों की घोषणा कर दी है। भाजपा की जिला कार्यकारिणी की सूचि के अनुसार जगदीश शर्मा, नगर परिषद की वाईस चेयरपर्सन सविता टुटेजा, जिला परिषद की चेयरपर्सन सुमन खिचड़, इन्द्र गावड़ी, भीम लाम्बा व टोहाना से संजय रेवड़ी को जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। अशोक जाखड़ व विकास ललौदा को जिला महामंत्री नियुक्त किया गया। संकेत गर्ग, पूनम सिंगला, मंजू बाजीगर, राखी वाल्मीकि, लख्मी शर्मा, निर्मल सिंह को जिला सचिव, रामकुमार मेहरा को कोषाध्यक्ष व शम्मी ढींगड़ा को कार्यालय सचिव नियुक्त किया गया। इसके अलावा अनूप भारद्वाज को जिला प्रवक्ता, राममेहर धारसूल को सोशल मीडिया इंचार्ज, सुभाष साहुल का आईटी प्रमुख, कंवल चौधरी को जिला मीडिया प्रभारी व विक्रम शर्मा को मन की बात कार्यक्रम प्रमुख नियुक्त किया गया। जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने सभी नवनियुक्त जिला पदाधिकारियों को बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि जिला की यह नई कार्यकारिणी भाजपा के संगठन को और अधिक मजबूत बनाएगी।



फतेहाबाद। पत्रकारों से बातचीत करते भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा।

## एसडीएम ने किया घग्गर नदी के तटबंधों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कालांवाली

कालांवाली के एसडीएम मोहित कुमार ने बुधवार को रंगा, लहंगेवाला व मत्तड़ में घग्गर नदी के तटबंधों का निरीक्षण किया और किसानों से बातचीत भी की। इस दौरान उनके साथ कार्यकारी अभियंता पंचायती राज, बीडीपीओ बड़ागुढा, सिंचाई विभाग के एसडीओ व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे कमजोर तटबंधों पर विशेष ध्यान दें और तटबंधों को मजबूत करें। उन्होंने कहा कि बाढ़ से बचाव की तैयारियां पूरी कर ली जाएं, ताकि किसी संभावित आपदा से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके। एसडीएम ने कहा कि जहां-जहां कटाव की अधिक संभावना है, वहां मिट्टी डालकर तटबंधों को मजबूत किया जाए। इसके अलावा पुलों के आसपास की सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए, ताकि पानी का बहाव सुचारू रूप से हो सके। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों के साथ तालमेल रखें ताकि किसी भी स्थिति की सूचना तुरंत मिले और निपटा जा सके। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने नदी के साथ लगते गांवों के किसानों और ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को उनके समाधान के निर्देश दिए।



सिरसा। घग्घर नदी के तटबंधों का निरीक्षण करते एसडीएम मोहित कुमार।

## सिरसा की जिला कार्यकारिणी घोषित, पांच उपाध्यक्ष नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

भाजपा के हुडा स्थित जिला कार्यालय सरसाई कमल में को पार्टी जिलाध्यक्ष यतिंद्र सिंह एडवोकेट ने कार्यकारिणी की घोषणा की। एडवोकेट यतिंद्र सिंह ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि विधानसभा चुनाव के तुरंत बाद सभी जिलों में बूथ अध्यक्षों का चुनाव हुआ। इसके बाद मंडल अध्यक्षों का भी विधिवत रूप से चुनाव किया गया। सभी कार्यकर्ताओं को उनके योग्यता के अनुसार पदों से नवाजा गया है। यतिंद्र सिंह ने कहा कि संगठन पर्व के तहत भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल कौशिक से विचार.विमर्श करके जिलाध्यक्ष की ओर से संगठनात्मक नियुक्तियां की गई है, ताकि संगठन को और अधिक मजबूती प्रदान की जा सके। उन्होंने बताया कि नरेश कुमार कटारिया, विरेंद्र सिंह तिन्ना, सुनीता रानी, निकू राम, मीरा देवी, ललित मोहन पोपली को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इसके अलावा हनुमान कुंडू व अंबर कुमार महामंत्री का दायित्व सौंपा गया है, अमरीक सिंह राही, रवि लढा, बलजिंद्र जोसन, सुमन सैनी, स्मृति सिन्हा व संतोष रानी को सचिव बनाया गया है।

### विधानसभा अध्यक्ष लवकेश मित्तल के कार्यालय में बैठक, हरिद्वार में मनेगा त्योहार

## सावन पर्व को लेकर अग्रवाल वैश्य समाज की बैठक, 15 सदस्य लेंगे हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया

अग्रवाल वैश्य समाज रतिया की मीटिंग आज विधानसभा अध्यक्ष लवकेश मित्तल के कार्यालय में आयोजित की गई जिसमें मुख्य वक्ता के तौर पर जिला अध्यक्ष राजेंद्र मित्तल ने भाग लिया। इस मीटिंग में हरिद्वार में होने वाले सावन पर्व एवं प्रदेश कार्य समिति की मीटिंग में भाग लेने के लिए विचार विमर्श किया गया। मीटिंग में निर्णय लिया गया कि जिला फतेहाबाद से 15 सदस्य प्रतिनिधिमंडल प्रदेश कार्य समिति की मीटिंग में भाग लेगा जिसमें फतेहाबाद से महिला प्रदेश अध्यक्ष सुशील सर्राफ व अध्यक्ष राजीव जैन, रतिया से जिला अध्यक्ष राजेंद्र मित्तल विधानसभा अध्यक्ष लवकेश मित्तल व पार्षद विजय कुमार के नेतृत्व में व टोहाना में विधानसभा अध्यक्ष निशांत जैन अमित जैन मनीष गोयल के नेतृत्व में सदस्य भाग लेंगे।



**रतिया।** मीटिंग में जानकारी देते हुए अग्रवाल वैश्य समाज के पदाधिकारी।

जिला अध्यक्ष राजेंद्र मित्तल ने बताया कि अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा द्वारा उत्साह से हरिद्वार की धरती पर सावन पर्व का आयोजन किया जा रहा है। अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा द्वारा 11 से 13 जुलाई तक आस्था स्थली एवं पवित्र नगरी हरिद्वार में सावन पर्व का विशाल आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में समाज के लोगों को मार्गदर्शन देने तथा संबोधित करने के लिए देश के विभिन्न राज्यों से विद्वान एवं बुद्धिजीवी भी हरिद्वार पहुंचेंगे। मित्तल ने बताया कि अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक के साथ समाज के लिए विशेष कार्य करने वाले प्रतिभाशाली पदाधिकारियों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन होगा। आज की मीटिंग में विधानसभा अध्यक्ष लवकेश मित्तल युवा जिला अध्यक्ष मोहित गर्ग रतिया महासचिव विपिन गोयल पार्षद विजय कुमार सोशल मीडिया प्रभारी व अन्य मौजूद रहे।

### गणमान्य लोग भाग लेंगे

सिंगला ने बताया कि कार्यक्रम में शामिल समाज के लोगों के लिए हर की पावन पैडी पर गंगा स्नान, महाआरती तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा। जिला अध्यक्ष राजेंद्र मित्तल ने बताया कि समाज के प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला की अध्यक्षता में होने वाले इस आयोजन में 11 जुलाई को राज्य सभा सदस्य नरेश बंसल व ऋषिकेश के विधायक एवं उत्तराखंड सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल मुख्य अतिथि होंगे। प्रसिद्ध समाजसेवी नवीन गोयल व राष्ट्रीय नवचेतना मंच के चेयरमैन विजय सोमाणी विशिष्ट अतिथि एवं सोनीपत के भाजपा जिला प्रभारी पंकज जैन बतौर स्वागताध्यक्ष कार्यक्रम में शिरकत करेंगे।